भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या - 1012**

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 29 अप्रैल, 2016 को दिया गया)

**<u>कारपोरेट ऋण पुनर्गठन</u>**

**1012. श्री एम. बी. राजेश :**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गत दो वर्षों के दौरान कारपोरेट ऋण पुनर्गठन पर कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार कारपोरेट ऋण पुनर्गठन के लिए पारदर्शी प्रक्रिया और तंत्र का अनुपालन करती है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्री** **(श्री अरूण जेटली)**

**(क) से (ग):** कारपोरेट ऋण पुनर्गठन (सीडीआर) तंत्र एक से अधिक बैंकों/वित्तीय संस्थानों से वित्त प्राप्त करने वाले बड़े लेनदारों के पुनर्गठन प्रस्तावों के शीघ्र निपटान के लिए स्थापित एक संघटनात्मक ढांचा है। यह तंत्र किसी भी प्रकार के कार्यकलाप करने वाले सभी लेनदारों के लिए निम्नलिखित शर्तों के अधीन उपलब्ध है -

(i) ऐसे लेनदार जो ऋण प्रदान करने वाली बहुल बैंक/सिंडिकेशन/कंसोर्टियम प्रणाली के अंतर्गत एक से अधिक बैंक/वित्तीय संस्थान से ऋण सुविधा का लाभ उठाते हैं।

(ii) कुल बकाया (निधि आधारित और गैर-निधि आधारित) ऋण 10 करोड़ रुपए या अधिक हैं।

हमारे देश में सीडीआर प्रणाली का तीन स्तरीय ढांचा है जिसमें सीडीआर स्थायी फोरम और इसके कोर दल, सीडीआर अधिकार प्राप्त समूह और सीडीआर प्रकोष्ठ शामिल हैं तथा इन्हें भारतीय औद्योगिक विकास बैंक लिमिटेड में स्थापित किया गया है। मार्च, 2010 से दिसंबर, 2015 की

अवधि के दौरान सीडीआर प्रकोष्ठ के विचाराधीन मामलों का विवरण और उनके निपटान की स्थिति अनुलग्नक पर दी गई तालिका में है।

*****

**<u>अनुलग्नक</u>**

## <u>दिनांक 29 अप्रैल, 2016 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1012 के भाग (क) से (ग) में उल्लिखित विवरण</u>

### सीडीआर प्रकोष्ठ

### प्रगति रिपोर्ट (31 दिसंबर, 2015 के अनुसार)

**(करोड़ रुपए में)**

| अवधि | सीडीआर प्रकोष्ठ में प्राप्त कुल संदर्भ | | पंजीकरण या अनुमोदन से पहले नामंजूर किए गए मामले | | सीडीआर अधिकार प्राप्त समूह के विचाराधीन मामले | | अनुमोदित कुल मामले | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (1) | | (2) | | (3) | | (4) | |
| | मामलों की संख्या | कुल ऋण | मामलों की संख्या | कुल ऋण | मामलों की संख्या | कुल ऋण | मामलों की संख्या | कुल ऋण |
| मार्च-10 | 256 | 115990 | 32 | 7050 | 9 | 4641 | 215 | 104299 |
| मार्च-11 | 305 | 138604 | 42 | 9667 | 21 | 18023 | 242 | 110914 |
| मार्च-12 | 392 | 206493 | 59 | 20817 | 41 | 35161 | 292 | 150515 |
| मार्च-13 | 521 | 297990 | 87 | 36894 | 33 | 32083 | 401 | 229013 |
| मार्च-14 | 622 | 429989 | 111 | 57540 | 35 | 42005 | 476 | 330444 |
| सितंबर-14 | 638 | 446156 | 121 | 65581 | 12 | 12968 | 505 | 367607 |
| दिसंबर-14 | 647 | 452940 | 122 | 65925 | 5 | 6130 | 520 | 380885 |
| मार्च-15 | 655 | 474002 | 125 | 70998 | - | - | 530 | 403004 |
| जून-15 | 655 | 474002 | 125 | 70998 | - | - | 530 | 403004 |
| सितंबर-15 | 655 | 474002 | 125 | 70998 | - | - | 530 | 403004 |
| दिसंबर-15 | 655 | 474002 | 125 | 70998 | - | - | 530 | 403004 |

(स्रोतः सीडीआर सेल)